कार्यालयः वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर।

Office of Conservator of Forests, Territorial Circle, Medininagar.

ईमेल / Email: **cfmedininagar@gmail.com**

दूरभाष / Phone: **06562.224953,8987790232**

पत्रांक 189 / दिनांक 23/03/2026 /

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

विषय :– लातेहार जिला अंतर्गत बनहरदी कोल ब्लॉक हेतु कुल 515.32 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/MIN/147316/2021) के संबंध में।

प्रसंग :– पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार का फाईल नं0 08–18 / 2024–FC दिनांक 08.02.2026 एवं भवदीय का पत्रांक 198 दिनांक 12.03.2026 तथा वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल का पत्रांक 922 दिनांक 17.03.2026, पत्रांक 936 दिनांक 23.03.2026, इस कार्यालय का पत्रांक 186 दिनांक 20.03.2026, क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पलामू का पत्रांक 410 दिनांक 19.03.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित करना है कि वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल (छाया प्रति संलग्न) द्वारा बनहरदी कोल ब्लॉक हेतु वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार का पत्र संख्या–फाईल नं0 08–18 / 2024–FC दिनांक 08.02.2026 द्वारा चार बिन्दुओं पर किये गये पृच्छा का निराकरण प्रतिवेदन मंतव्य के साथ ऑनलाईन एवं हार्डकॉपी सात प्रतियों में उपलब्ध कराया गया था, जिसे इस कार्यालय के पत्रांक 156 दिनांक 10.03.2026 द्वारा भवदीय के कार्यालय में समर्पित किया गया है।

उक्त समर्पित निराकरण प्रतिवेदन के संदर्भ में भवदीय के पत्रांक 198 दिनांक 12.03.2026 के द्वारा पुनः भारत सरकार द्वारा की गयी पृच्छा के अनुरूप प्रतिवेदन की मांग की गयी है। उक्त आलोक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल ने अपने प्रासंगिक पत्र (छाया प्रति संलग्न) द्वारा अपने मंतव्य के साथ अनुपालन प्रतिवेदन ऑनलाईन एवं हार्ड कॉपी सात प्रतियों में उपलब्ध कराया है।

निराकरण प्रतिवेदन अग्रसारित करने के पूर्व इस कार्यालय का पत्रांक 176 दिनांक 19.03.2026 द्वारा संचिका अनुमोदन प्राप्त करने हेतु क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पलामू, मेदिनीनगर को भेजी गयी थी, परन्तु क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पलामू, मेदिनीनगर ने अपने पत्रांक 410 दिनांक 19.03.2026 द्वारा सूचित किया गया है कि वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के पत्रांक 922 दिनांक 17.03.2026 द्वारा उपलब्ध कराये गये अनुपालन प्रतिवेदन संतोषजनक नहीं है। भारत सरकार द्वारा की गयी पृच्छाओं से संबंधित स्पष्ट अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के आलोक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार ने अपने पत्रांक 936 दिनांक 23.03.2026 द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन ऑनलाईन एवं हार्ड कॉपी सात प्रतियों में उपलब्ध कराया है।

अतः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल से प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन की पाँच प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न कर भवदीय को भेजी जा रही है।

अनुलग्नक : यथोक्त।

आपका विश्वासी,

23/3/26

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर।

23/3/26

P.F-10